कार्यालय, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, लखनऊ, उत्तर प्रदेश।

संख्याः–एम0ई0–3/2020/122 लखनऊःदिनांकः– 21.01.2020

:: विज्ञप्ति ::

ग्लोकल मेडिकल कालेज, सहारनपुर एवं जी0सी0आर0जी0 इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ में एम0बी0बी0एस0 पाठ्यक्रम के संचालन हेतु राज्य सरकार द्वारा निर्गत अनिवार्यता प्रमाण–पत्र, राज्य सरकार द्वारा वापस ले लिया गया है तथा शैक्षणिक सत्र 2016–17 के अन्तर्गत उक्त निजी क्षेत्र के मेडिकल कालेजों में अध्ययनरत् वैध (Valid) (अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा सम्पन्न यू0पी0 नीट यू0जी0 काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त) छात्रों को निजी क्षेत्र के अन्य मेडिकल कालेजों में स्थानान्तरित कर समायोजन की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है।

अतः शैक्षणिक सत्र 2016–17 के अन्तर्गत ग्लोकल मेडिकल कालेज, सहारनपुर एवं जी0सी0आर0जी0 इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ में अध्ययनरत् समस्त वैध (Valid) (अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय द्वारा सम्पन्न यू0पी0 नीट यू0जी0 काउंसिलिंग से आवंटन प्राप्त) छात्रो को निर्देशित किया जाता है कि समायोजन/स्थानान्तरण हेतु पंजीकरण/विकल्प प्रस्तुत करने के सम्बन्ध मे निम्नांकित समय–सारिणी के अनुसार अपने मूल शैक्षणिक अभिलेख, नीट यू0जी0–2016 की काउंसिलिंग मे जारी आवंटन–पत्र, आई0डी0 एवं इन अभिलेखो की स्वः प्रमाणित प्रतियो सहित अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होना सुनिश्चित करें :–

क्र.स.	विवरण	तिथि एवं दिवस	समय
ग्लोकल मेडिकल कालेज, सहारनपुर			
1	मेरिट के अनुसार 24 छात्र	27.01.2020, सोमवार	प्रातः 10:30 बजे
जी0सी0आर0जी0 इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज, लखनऊ			
1	मेरिट के अनुसार 25 छात्र	28.01.2020, मंगलवार	प्रातः 10:30 बजे
2	मेरिट के अनुसार 25 छात्र	29.01.2020, बुधवार	प्रातः 10:30 बजे
3	मेरिट के अनुसार 25 छात्र	30.01.2020, बृहस्पतिवार	प्रातः 10:30 बजे
4	मेरिट के अनुसार 21 छात्र	31.01.2020, शुक्रवार	प्रातः 10:30 बजे

महानिदेशक।